लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक भास्कर......

दिनांक 15-1-2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 3-5

# एचएयू की टीम ने राज्यस्तरीय युवा रेडक्रॉस परीक्षण कैंप में बेस्ट टीम का खिताब जीता

## कुरूक्षेत्र में आयोजित कैंप में 25 विश्वविद्यालयों टीमों ने लिया था हिस्सा

भास्कर न्यूज | हिसार



कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीतने वाली एचएयू की टीम।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी हरियाणा की ओर से कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रेडक्रास परीक्षण शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीता। टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा टीम को बधाई दी।

रेडक्रास प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि छह दिवसीय शिविर में राज्य के कइर् विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की 25 टीमों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान युवाओं को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबधंन, राष्ट्रीय एकीकरण, यातायात नियम आदि विषयों की जानकारी दी गई। इसके साथ उन्हें दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में युवाओं को अनेक बुद्धिजीवियों के विचारों से अवगत होने का अवसर मिला। शिविर में टीम लीडर अक्षय महेता, कृष्ण आहुजा, अंकित यादव, अंश, अमन, तारिक, फिरदोस मलिक, शुभम् सचदेवा, गौरव व प्रेम कुमार ने हिस्सा लिया। जिसमें छात्रों ने समूहगान, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिरदोस मलिक ने बेस्ट यूथ का पुरस्कार प्राप्त किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: पंजाब केसरी

दिनांक: 15.1.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-2

# हकृवि की टीम ने जीता बैस्ट टीम का खिताब



*हकृवि की विजेता टीम।*

हिसार, 14 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने इंडियन रैडक्रास सोसायटी हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीता।

इस टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डा. डी.एस. दहिया ने स्वागत किया। रैडक्रास प्रभारी डा. भगत सिंह ने बताया कि इस 6 दिवसीय शिविर में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की 25 टीमों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस शिविर के दौरान युवाओं को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबधंन, राष्ट्रीय एकीकरण, यातायात नियम आदि विषयों की जानकारी दी गई। इसके साथ उन्हें दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में टीम लीडर अक्षय महेता, कृष्ण आहुजा, अंकित यादव, अंश, अमन, तारिक, फिरदोस मलिक, शुभम सचदेवा, गौरव व प्रेम कुमार ने हिस्सा लिया। जिसमें छात्रों ने समूहगान, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिरदोस मलिक ने बैस्ट यूथ का पुरस्कार प्राप्त किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....अमर उजाला....
दिनांक 15.1.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 4-6

# हकृवि की टीम ने राज्यस्तरीय शिविर में बेस्ट टीम का खिताब जीता



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीता। इस टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई दी।

रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की 25 टीमों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान युवाओं को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, राष्ट्रीय एकीकरण, यातायात नियम आदि विषयों की जानकारी दी गई। शिविर में टीम लीडर अक्षय महेता, कृष्ण आहुजा, अंकित यादव, अंश, अंमन, तारिक, फिरदोस मलिक, शुभम सचदेवा, गौरव व प्रेम कुमार ने हिस्सा लिया। इसमें छात्रों ने समूह गान, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिरदोस मलिक ने बेस्ट यूथ का पुरस्कार प्राप्त किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक जागरण....

दिनांक 15.1.2020 .... पृष्ठ सं. ....15.... कॉलम ....7-8....

# हकृवि की टीम ने कुरुक्षेत्र में जीता बेस्ट टीम का खिताब



राज्यस्तरीय सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीतने पर टीम को बधाई देते कुलपति, प्रो. केपी सिंह व छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रेडक्रॉस परिक्षण शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीता। इस टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा टीम को बधाई दी। रेडक्रॉस प्रभारी डा. भगत सिंह ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की 25 टीमों ने हिस्सा लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ दैनिक भास्कर ........

दिनांक ..15.1.2020.. पृष्ठ सं. ..3.. कॉलम ..6-8..




एचएयू के कृषि कॉलेज में तकनीकी ज्ञान लेने के बाद उपस्थित छात्र।

# कृषि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिया कीटनाशक के प्रयोग का तकनीकी ज्ञान

हिसार| एचएयू के सस्य विज्ञान विभाग के सहयोग से बायरक्रॉपसाईंस लिमिटिड की ओर से विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपीरिएंस के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एचएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने विस्तार शिक्षा के महत्व व विद्यार्थी एवं कृषक के बीच की कड़ी पर चर्चा की। सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों के कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक के प्रयोग की नवीनतम तकनीक के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों के समूह द्वारा इसका उपयोग स्वयं करके देखा गया। इसके अलावा कृषि में आने वाली समस्याओं को सही तरीके से समझने व उनके निदान के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर रावे कार्यक्रम कॉरडिनेटर, डॉ. एसके ठकराल, रावे सलाहकार, डॉ प्रवीन कुमार, बायरक्रॉपसाइंस लि के सुशील देसाई तथा ताराचंद आदि उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला
दिनांक: 15.1.2020 पृष्ठ सं: 6 कॉलम: 3-6

# सभी प्रश्नों का समाधान लेकर किसानों तक पहुंचाएं सही जानकारी : डॉ. सहरावत

## एचएयू के कृषि कॉलेज में रावे कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के सहयोग से बायर क्रॉप साइंस लिमिटेड द्वारा विश्वविद्यालय के बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपीरियंस (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



एचएयू में रावे के तहत हुई कार्यशाला के बाद शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। - अमर उजाला

**कीटनाशक के समुचित रखरखाव के बारे में बताया :** इस अवसर पर विवि के अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने विषय की स्प्रे की विधियों में पूर्णतः पारंगत होने के लिए आयोजकों से अपने सभी प्रश्नों का समाधान प्राप्त करें, ताकि किसानों तक सही जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को कीटनाशक के समुचित रखरखाव के बारे में बताया।

सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक के प्रयोग की नवीनतम तकनीक के बारे में बताया। इस अवसर पर रावे कार्यक्रम कोर्डिनेटर डॉ. एसके ठकराल, रावे सलाहकार डॉ. प्रवीन कुमार, बायर क्रॉप साइंस लि. के सुशील देसाई, ताराचंद व छात्र उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक 15. 1. 2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 3

# कृषि महाविद्यालय में 'रावे' छात्रों को दिया तकनीकी ज्ञान

हिसार, 14 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सदस्य विज्ञान विभाग के सहयोग से बायर क्रॉप साइंस लिमिटेड द्वारा विश्वविद्यालय के बी.एससी. (आनर्स) एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपीरियंस (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डा. एस.के. सहरावत ने विस्तार शिक्षा के महत्व व विद्यार्थी एवं कृषक के बीच की कड़ी पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने विषय की स्प्रे की विधियों में पूर्णत: पारंगत होने के लिए आयोजकों से अपने सभी प्रश्नों का समाधान प्राप्त कर सकें ताकि किसानों तक सही जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को कीटनाशक के समुचित रख-रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. समुन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों के कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक के प्रयोग की नवीनतम तकनीक के बारे में बताया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ नभ-छोर ........
दिनांक 14.1.2020 ........ पृष्ठ सं. 2 ........ कॉलम 2-4

# विद्यार्थियों को दी कीटनाशक के रख-रखाव की जानकारी

हिसार/14 जनवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के सहयोग से बायरक्रॉपसाईस लिमिटिड द्वारा विश्वविद्यालय के बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपीरिएंस (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने विस्तार शिक्षा के महत्व व विद्यार्थी एवं कृषक के बीच की कड़ी पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे अपने विषय की स्प्रे की विधियों में पूर्णतः परंगत होने के लिए आयोजकों से अपने सभी प्रश्नों का समाधान प्राप्त कर सकें ताकि किसानों तक सही जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंनें विद्यार्थियों को कीटनाशक के समुचित रख-रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों के कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक के प्रयोग की नवीनतम तकनीक के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों के समुह द्वारा इसका उपयोग स्वंय करके देखा गया। इसके अलावा कृषि में आने वाली समस्याओं को सही तरीके से समझने व उनके निदान के उपायों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर रावे कार्यक्रम कॉरडिनेटर, डॉ. एसके ठकराल, रावे सलाहकार, डॉ. प्रवीन कुमार, बायरक्रॉपसाइंस लिमिटिड के सुशील देसाई, ताराचंद व छात्र उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......सिटी पल्स......

दिनांक 14.1.2020...... पृष्ठ सं......3...... कॉलम......3-5......

# कृषि महाविद्यालय में रावे छात्रों को दिया तकनीकी ज्ञान




**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के सहयोग से बायर क्रॉप साईंस लिमिटिड द्वारा विश्वविद्यालय के बी.एस.सी (आनर्स) एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपीरिएंस (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत ने विस्तार शिक्षा के महत्व व विद्यार्थी एवं कृषक के बीच की कड़ी पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियो से आह्वान किया कि वे अपने विषय की स्प्रे की विधियों में पूर्णतः परंगत होने के लिए आयोजको से अपने सभी प्रशनों का समाधान प्राप्त कर सके ताकि किसानों तक सही जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को कीटनाशक के समुचित रख-रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों के कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक के प्रयोग की नवीनतम तकनीक के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों के समुह द्वारा इसका उपयोग स्वंय करके देखा गया। इसके अलावा कृषि में आने वाली समस्याओं को सही तरीके से समझने व उनके निदान के उपायो के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. एस.के ठकराल, डॉ. प्रवीन कुमार, सुशील देसाई, तारा चंद आदि उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि भूमि

दिनांक: 15.1.2020 पृष्ठ सं: 14 कॉलम: 7-8

# सीएम कल हिसार में, प्री-बजट को लेकर लेंगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बजट से पूर्व अर्थ व्यवस्था से जुड़े अलग-अलग सेक्टर्स के साथ चर्चा करके उनके सुझाव ले रहे हैं। इन सुझावों पर विचार-विमर्श कर बजट में शामिल किया जाएगा। इसी के चलते 16 जनवरी को मुख्यमंत्री हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आएंगे तथा एग्रीकल्चर एंड एलाइड सर्विसिज की प्री बजट कन्सलटेशन बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में कृषि सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ मंथन किया जाएगा और उनसे फीडबैक लेकर बजट तैयार किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सीएम ने पानीपत में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ चर्चा की थी। इससे पहले गुरुग्राम में सर्विस सेक्टर व रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के साथ यह बैठक की जा चुकी है। फरीदाबाद में इसी तरह की बैठक बृहस्पतिवार 15 जनवरी को बुलाई गई है।

## चार विवि के कुलपति रहेंगे मौजूद

सीएम की अगुवाई में होने वाले प्री-बजट बैठक में हकृवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह, महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालयके कुलपति प्रो. समर सिंह, लुवास के कुलपति प्रो. गुरुदियाल सिंह, फूड एंड सप्लाई विभाग के एसीएस पीके दास, किसान आयोग के चेयरमैन डॉ. रमेश यादव, फूड एंड सप्लाई विभाग के महानिदेशक पकंज अग्रवाल, हरियाणा राज्य मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक जे गणेशन, हेफेड के प्रबंध निदेशक शेखर विद्यार्थी के साथ 40 से अधिक कृषि सेक्टर से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रगतिशील किसान संगठन के प्रतिनिधि, एक्सपर्ट विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## प्रगतिशील किसानों को भी निमंत्रण

एग्रीकल्चर एंड एलाइड सर्विसिज की प्री बजट कन्सलटेशन के लिए प्रदेशभर के प्रमुख प्रगतिशील किसानों तथा एग्रो प्रोफेशनल्स को भी निमंत्रण भेजा गया है।

कृषि, उद्यान, पशुपालन व मछली पालन से जुड़े किसान व व्यवसायी से भी सीएम बजट में कृषि सेक्टर के लिए उनकी उम्मीदें तथा सुझाव लेंगे। इसके साथ वन व सिंचाई से जुड़े विशेषज्ञ को भी इस बैठक के लिए बुलाया गया है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ हरि भूमि ........
दिनांक 15.1.2020 ........ पृष्ठ सं. 11 ........ कॉलम 6 ........

## कृषि मंत्री जेपी दलाल आज हकृवि में

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित नेशनल इंकम्बेटर्स कालोक्वियम का आयोजन 15-16 जनवरी को किया जा रहा है। इसका शुभारंभ कृषि व किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य एवं कानून मंत्री जयप्रकाश दलाल करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एबीक सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप के आइडिया दिए जाएंगे। हकृवि में 15 जनवरी से ही पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भी आरंभ हो रहा है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 15-1-2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 6-8

# एचएयूः आज फूलों के साथ लाइट शो देगा खास इफैक्ट





सिटी रिपोर्टर • एचएयू के एग्री टूरिज्म सेंटर में दो दिवसीय गोल्डन जुबली फ्लावर शो का आयोजन किया जा रहा है। इसी मौके सेंटर के गेट का भी उद्घाटन होगा। इस कृषि पर्यटन केंद्र का उद्घाटन प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री जेपी दलाल करेंगे। इस बार शो में सिर्फ फ्लावर्स ही नहीं बल्कि फूल, सब्जियों की गार्डनिंग से जुड़ी जानकारियां भी शहरवासियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। किचन गार्डनिंग से जुड़े कई यंत्रों की जानकारी मिलेंगी। इसमें मुख्यतः विटामिन गार्डन, संरक्षित कृषि, हाईड्रोपोनिक्स, कैक्टस, सकूलेट्स, सजावटी, आर्नामेंटल फिशरीज, एक्योटिक प्लांट, फ्लोरिकल्चर, एजाक्योटिक, औषधीय व सुगन्धित पौधे, वैज्ञानिक तरीके से प्रदर्शित किया गया है। इस बार शो शाम 7 बजे तक लगेगा। खास लाइटें लगाई गई हैं। ट्रैक्टर, हाथी, शेर को सेल्फी प्वॉइंट बनाया गया है।

**UPCOMING Event**



लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........
दिनांक 15.1.2020 पृष्ठ सं. 15 कॉलम 6-8

# 37 एकड़ में बने एग्री टूरिज्म सेंटर में घूमने पर मिलेगी विटामिन की जानकारी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार के पास 37 एकड़ में एग्री टूरिज्म सेंटर की स्थापना की गई है। बुधवार को कृषि मंत्री जेपी दलाल इस केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही दो दिन के फ्लॉवर कार्निवल की शुरुआत भी होगी।

खास बात है कि एग्री टूरिज्म सेंटर में पहले फूलों, फलों व सब्जियों वाले पौधों को लगाया गया था, अब इसको एक अलग ही रूप दे दिया गया है। लोगों को आकर्षित करने के लिए सेंटर में विटामिन गार्डन बनाया गया है। इस गार्डन में ऐसी सब्जियां उगाई जा रही हैं जिनसे हमें विटामिन मिलता है। खास बात है कि जब लोग टूरिज्म सेंटर के इस गार्डन में पहुंचेंगे तो उन्हें विटामिन की जानकारी भी मिल जाएगी।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय इसी कॉन्सेप्ट पर एग्री टूरिज्म सेंटर में स्पाइस यानि मिर्च वाला गार्डन, प्रोटीन गार्डन भी बनाएगा ताकि लोगों को प्रोटीन जैसे विषयों की जानकारी ले सकें।



एचएयू एग्री टूरिज्म सेंटर। ● जागरण

## फार्म मशीनों से भी हो सकेंगे रू-ब-रू

विश्वविद्यालय के बागबानी विभाग में प्रोफेसर डा. अरबिंद मलिक बताते हैं कि टूरिज्य सेंटर आने पर आपको सिर्फ फलों सब्जियों या फूलों की नहीं बल्कि खेती में प्रयोग होने वाली मशीनों को देखने का मौका मिलेगा। इसके लिए केन्द्र में कल्टीवेटर, हैरो, थ्रेसर, सीड सोइंग मशीन सहित अन्य मशीनों का प्रबंध भी किया गया है। इसके साथ ही हाल ही में केन्द्र का भव्य गेट भी तैयार कराया गया है, ताकि लोग अधिक से अधिक टूरिज्म सेंटर का भ्रमण करें।

## फ्लॉवर कार्निवल में भाग लेंगी संस्थाएं

एचएयू में फ्लॉवर कार्निवल का भी शुभारंभ होगा। जिसमें गुरु जंभेश्वर तकनीकी विश्वविद्यालय, जिंदल इंडस्ट्री सहित अन्य संस्थाएं भी भाग ले रही हैं। इसमें सभी अपने-अपने फूलों का प्रदर्शन करेंगी। 16 को इन प्रतिभागियों के बीच कराई गई प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया जाएगा जिसमें इन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...दैनिक भास्कर...
दिनांक ...15.1.2020... पृष्ठ सं. ...1... कॉलम ...1-7...

**हाईड्रोपोनिक सिस्टम** • एचएयू के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की केप्स सेंटर के स्टूडेंट्स ने इंजीनियर मुकेश कुमार की गाइडेंस में तैयार किया

# बिना मिट्टी सिर्फ पानी से न्यूट्रीशन सॉल्यूशन देकर छत पर भी उग सकेंगी सब्जियां

अंजू सिंह | हिसार

बिना मिट्टी किसी पौधे को ग्रो करने की बात भले ही अटपटी सी लगती हो मगर हाईड्रोपोनिक सिस्टम बड़ी ही आसानी से घर में बिना मिट्टी ही किचिन गार्डनिंग, फ्लॉवरिंग के लिए प्रयोग किया जा सकता है। आधुनिक युग में जमीन, स्पेस और मिट्टी की कमी के चलते यह टेक्निक लोगों द्वारा आसानी से प्रयोग की जा सकती है। एचएयू के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की केप्स सेंटर के स्टूडेंट्स ने इंजीनियर मुकेश कुमार की गाइडेंस में हाईइड्रोपोनिक सिस्टम बनाया है। यह एक तरीके से जलीय कृषि है। इसमें पौधा पानी और उसमें मिले हुए न्यूट्रीशन सॉल्यूशन के जरिए डिवेलप करता है। इस टेक्निक के माध्यम से एचएयू में लैट्यूस की 6 वैरायटीज को उगाया जा रहा है। साइंटिस्ट अरविंद मलिक ने बताया कि पानी में ग्रो करती इस फसल में अन्य फसलों की अपेक्षा कम पानी प्रयोग किया जाता है। इसमें सभी प्रकार की पत्तेदार सब्जियों को आसानी से उगाया जा सकता है। एचएयू में बुधवार को होने वाले फ्लावर शो में किसानों और शहरवासियों को इस सिस्टम के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके छोटे मॉड्यूल सस्ते में ही जरूरत के मुताबिक बन सकते हैं।

**▪ एचएयू में फ्लावर शो आज, शाम 7 बजे तक रहेगी रोनक... पेज | 2 पर**

## एक्सपर्ट्स से जानिए... किस तरह करता है यह सिस्टम काम





हाईड्रोपोनिक सिस्टम के बारे में जानकारी देते एचएयू के अधिकारी।

इंजीनियर मुकेश कुमार ने बताया यह सिस्टम न्यूट्रिशन फिल्म टेक्नोलॉजी पर काम करता है। जिसमें पोषक तत्वों का घोल पानी की पतली परत के रूप में मोटर की मदद से पाइप के जरिये फ्लो करता है। पाइप में होल कर उसमें पौधों को लगाया जाता है। शुरू में पौधे को सपोर्ट देने के लिए कोकपिट का प्रयोग किया जाता है। इसके बाद इस सॉइललैस मीडिया की भी आवश्यकता नहीं रहती। पौधे की जड़े अपने पोषक तत्वों को अवशोषित करता है। इसमें कंट्रोलर लगाया जाता है। जिसमें क्रॉप के हिसाब से टाइमिंग सैट कर देती है। इसे टेक्नोलॉजी सपोर्ट के साथ किसान खुद तैयार कर सकते हैं।

## मिट्टी की अपेक्षा पौधे को मिलता है सही इन्वार्यमेंट, अच्छे स्तर पर फुल न्यूट्रीशन के साथ करता है डिवेलप

मिट्टी में उगने वाले पौधों को मिट्टी के अंदर से न्यूट्रीशन लेने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। मगर इस सिस्टम में बहते पानी से आसानी से पौधा अपनी आवश्यकतानुसार न्यूट्रीशन प्राप्त करता है। जिससे उसे मेहनत नहीं करनी पड़ती और पौधे को अच्छा इन्वायर्नमेंट मिलता है। संपूर्ण पोषक तत्वों के पहुंचने और पौधे के सही तरीके से ग्रो करने पर एक कम्पलीट फूड प्राप्त किया जा सकता है।

### सिस्टम के फायदे...

- मिट्टी की जरूरत नहीं होती।
- मिट्टी से सब्जियों में पहुंचने वाले कीटाणुओं से बचा जा सकता है।
- सब्जियों से फैलने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।
- पानी की बचत होती है।
- जैविक तरीके से खेती की जा सकती है।
- वर्टिकल और हॉरिजेंटल दोनों ही तरीकों से किया जा सकता है प्रयोग
- इंटीरियर डिजाइनिंग दे घर में सब्जी उगाने के साथ साज सज्जा में भी प्रयोग किया जा सकता है।
- इस सिस्टम को छत पर या दीवार पर आसानी से लगाया जा सकता है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि भूमि, अमर उजाला
दिनांक: 15.1.2020 पृष्ठ सं: 11, 1 कॉलम: 5-8, 4

# हिसार का फिर लुढ़का पारा, ठिठुरन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारी हिमपात तथा प्रदेश के कई जिलों में हुई ओलावृष्टि के कारण हिसार का पारा एक बार फिर लुढ़का गया है। दिनभर शीतलहरों ने ठिठुरन बढ़ाई रखी। सुबह के समय हिसार तथा आसपास के क्षेत्रों में अत्याधिक धुंध छाई रही, जिससे रेल व परिवहन सेवाओं प्रभावित रहीं।

■ मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिन और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते मौसम में बदलाव की उम्मीद जताई

लंबे रूटों की रेलगाड़ियों अपने निर्धारित समय से करीब 2 घंटे की देरी के साथ हिसार रेलवे स्टेशन से आवागमन कर रही थीं। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिन और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते मौसम में बदलाव की उम्मीद जताई है।

जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते सोमवार को जिले में कहीं हल्की बारिश, तो नारनौंद एरिया में हुई ओलावृष्टि के चलते ठंड के बार फिर से बढ़ गई है। मंगलवार को दिनभर शीतलहर चली, जिसके कारण मंगलवार को अधिकतम पारा 15.2 तथा न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार के मुकाबले रात्रि पारे में करीब 9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव आया है। अगले दो दिन तक मौसम में बदलाव रहेगा। इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे ठंड भी बढ़ सकती है।

## ठंड, बूंदाबांदी व लेबर की छुट्टी से बंदर पकड़ो अभियान पर लगे ब्रेक

**हिसार।** बढ़ती ठंड, बूंदाबांदी और लेबर की छुट्टी के चलते बंदर पकड़ो अभियान रोक दिया गया है। अब यह अभियान तीन-चार दिन बाद दोबारा आरंभ किया जाएगा। नगर निगम द्वारा शहर में बंदर पकड़ो अभियान आरंभ किया गया था। दो दिन से हुई बूंदाबांदी और ठंड के चलते अभियान को रोका गया है। ठेकेदार कृष्ण कुमार ने बताया कि लेबर भी लोहड़ी व मकर सक्रांति त्योंहार पर छुट्टी पर है, इसके चलते फिलहाल बंदर पकड़ने का अभियान रोक दिया गया है। नगर निगम द्वारा दिसंबर माह में शहर से बंदर पकड़ो अभियान आरंभ किया गया था। इससे पहले भी शहर में बंदर पकड़ो अभियान चला था। वन विभाग से निगम के पास एनओसी भी मिली हुई है।

## दिन और रात का तापमान गिरा आज से फिर बारिश की संभावना

**हिसार।** हल्की बारिश व तेज गति से चली उत्तर-पूर्वी हवाओं से ठंड दोबारा बढ़ गई। इसके साथ ही दिन व रात के तापमान में भी गिरावट आई है। दिन व रात का तापमान फिर से सामान्य से नीचे पहुंच गया है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 15 से 17 जनवरी के बीच कहीं-कहीं बादल या गरज-चमक व हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। बता दें कि इस माह में अब तक 3.4 एमएम बारिश हो चुकी है। 6 जनवरी को 1.3, 7 जनवरी को 0.3 व 13 जनवरी को 1.8 एमएम बारिश हुई थी। मंगलवार सुबह की शुरुआत घनी धुंध से हुई। इस दौरान दृश्यता काफी कम रही। सुबह 11 बजे मौसम साफ हुआ और इसके साथ ने धूप भी निकल आई, जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली।